संख्या–cm-545
19/10/2023

# साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार पं0 गोविंद झा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 19 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार पं0 गोविंद झा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि पं0 गोविंद झा ने मैथिली के साथ–साथ हिन्दी एवं संस्कृत में कई पुस्तकों का लेखन किया। पं0 गोविंद झा को सामाक पौती कथा संग्रह के लिए वर्ष 1993 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पं0 गोविंद झा का निधन साहित्य जगत् के लिए अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******